## समाचार सार




यूपीईएस के पूर्व छात्र नमन गांधी को टाईकोन–2024 प्रतियोगिता जीतने पर पुरस्कार में एक लाख रुपये का चेक भेंट करते मुख्यअतिथि • सौजन्य: विवि

# यूपीईएस के पूर्व छात्र नमन को टाईकोन देहरादून का खिताब

जागरण संवाददाता, देहरादून : यूपीईएस यूनिवर्सिटी में आयोजित टाईकोन देहरादून–2024 प्रतियोगिता में उद्यमियों, विचारकों और नवाचार करने वाले युवाओं ने प्रतिभाग किया। इस तकनीकी प्रतियोगिता का खिताब यूपीईएस के पूर्व छात्र नमन गांधी ने जीता। यह प्रतियोगिता उद्यमियों, विचारकों और नवाचार करने वालों के लिए रखी गई। इंस्पायर, इनोवेट एंड इंपैक्ट विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में टेकयोन आटोमोटिव के संस्थापक नमन गांधी के विचार निर्णायक मंडल को सबसे अधिक प्रेरित लगे। प्रतियोगिता में खिताब जीतने पर उन्हें एक लाख रुपये इनाम में दिए गए। इसके अलावा प्रतिभागी शुभम राणा और सिद्धार्थ जैना को क्रमशः उनके स्टार्टअप बीरेडी हार्वेस्टर्स एलएलपी और आकाशलब्धि प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रथम रनरअप ट्राफी से सम्मानित किया गया। बीरेडी हार्वेस्टर्स मधुमक्खी आवासों को संरक्षित करने का एक नया तरीका है। आकाशलब्धि अंतरिक्ष संरचनात्मक डिजाइन में विशेषज्ञता वाली एक अत्याधुनिक कंपनी है, जो आइआइटी रुड़की परिसर में स्थित है।